**कार्यालय**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय**
**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
**घण्टाघर, सहारनपुर।**

पत्रांकः– 1424 / वि०वि०म०द्वितीय/स०पुर/निविदा

दिनांक :– 29/08/22

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
मेरठ (संस्करण)।

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान
मेरठ (संस्करण)।

**विज्ञापन आदेश**

महोदय,

कृपया संलग्न 1 नं० विज्ञापन निविदा सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र मे दिनांक 30.08.2022 तक के अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइंन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्रों के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाईन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएँ जैसे बिजली, बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाएँ बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की समाग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा मे करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्रीय हित में बिजली बचाएं का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक–1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

पत्रांकः– 1424 / दिनांकः–29/08/22

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस आशय से प्रेशित कि संलग्नित निविदाए निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें।
2. मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ
4. उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, सहारनपुर/रामपुरमनिहारान/नकुड।
6. N.I.E.L.T. (Doeacc Center) Unit, PVVNL को डिस्काम की वैबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
7. नोटिस बोर्ड

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

Scanned with CamScanner

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।

1. **अल्पकालीन ई–निविदा सं0 88/इ0म0/2022–23 :–** वि0वि0उपखण्ड आई0टी0आई0 के कार्यक्षेत्र मे पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार 220 के0वी0 उपकेन्द्र शेखपुरा सहारनपुर से 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र शाकुम्भरी विहार तक नई 33 के0वी0 लाईन का निर्माण कार्य। (धरोहर राशि रू0 70000/–)

   उपरोक्त निविदाये दिनांक 14.09.2022 को 13.00 बजे तक जमा की जायेगी तथा इनका प्रथम भाग उसी दिन 14:00 बजे के बाद खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं निविदा मे यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि मे विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टैण्डर वैबसाईट www.pvvnl.org, तथा निगम की वैबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी। एवं निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय,सहारनपुर
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

Scanned with CamScanner